# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,

**ग्राम मदाऊ, पोस्ट भांकरोटा, जयपुर–302026**

## वाहन चालक पदों का विवरण

विश्वविद्यालय के निम्नांकित पदों पर नियमानुसार नियुक्ति किये जाने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 30.01.2018 है।

| क्र. सं. | पदनाम एवं पे–मैट्रिक्स लेवल | कुल रिक्ति | प्रवर्गवार रिक्तियों का संख्यात्मक विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (UR) | | कुल अनारक्षित | अ. जा. (SC) | | कुल अ.जा. | अनु. ज.जा. (ST) | | कुल अ.ज.जा. | पिछडा वर्ग (BC) | | कुल पिछड़ा वर्ग |
| | | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | |
| 1. | वाहन चालक<br>पे–मैट्रिक्स लेवल L-5 | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

सामान्य से तात्पर्य पुरुष एवं महिला वर्ग, दोनों से है।

**उक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्रताओं एवं भर्ती प्रक्रिया संबंधी विवरण निम्नानुसार है–**

**पद का नाम– वाहन चालक**

**भर्ती हेतु पात्रता/योग्यता**

1. अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. अभ्यर्थी को देवनागरी लिपि में हिन्दी लेखन का व्यावहारिक ज्ञान तथा राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान हो।
3. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से सैकण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
4. आवेदक के पास भारी तथा हल्के वाहन चलाने का लाईसेन्स हो, जो विज्ञप्ति जारी होने से कम से कम 05–वर्ष पूर्व का होना चाहिए।
5. अभ्यर्थी की दोनों आंखो की दृष्टि 6×6 बिना चश्में के होना अनिवार्य है।
6. अभ्यर्थी मानसिक रूप से जागरूक, सुदृढ़ स्वास्थ्य वाला एवं सभी शारीरिक विकारों, दोषों, रोगों से मुक्त होना चाहिए। अभ्यर्थी मानसिक रूग्णता से ग्रसित नहीं होना चाहिए।
7. अभ्यर्थी के भैंगापन (squint), रतौंधी (night blindness), रंग दृष्टि दोष (colour blindness) या अन्य कोई विकृति जो कर्त्तव्य पालन में बाधक हो, नहीं होनी चाहिए।

**नोटः–**

1. आवेदन विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें।
3. उक्त पदों की अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता के अंतिम वर्ष में सम्मिलित हुआ हो या सम्मिलित होने वाला व्यक्ति भी आवेदन करने के लिये पात्र होगा परन्तु पात्रता की योग्यता आवेदन की अंतिम दिनांक 30.01.2017 को होना आवश्यक होगा। अतः उक्त तिथि को निर्धारित न्यूनतम अर्हता/योग्यता रखने/प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन करें, अन्यथा वह चयन योग्य मान्य नहीं होगा। अपात्र होने व गलत सूचनाऐं प्रस्तुत करने की स्थिति में संबंधित आवेदन की अभ्यर्थिता निरस्त योग्य होगी। अतः अपात्र आवेदक आवेदन नहीं करें।

**आयु–** दिनांक 01.01.2018 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से कम। आयु सीमा में राज्य सरकार के नियमानुसार अनु.जाति/अनु.ज.जा/महिला/विशेष योग्यजन आदि को छूट देय होगी।

## – अन्य बिन्दु एवं महत्वपूर्ण निर्देश –

1. आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in से दिनांक 01.01.2018 से डाउनलोड किया जा सकता है।

3. आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.01.2018 सांय 5.00 बजे तक है। आवेदन की हार्डकॉपी समस्त महत्वपूर्ण दस्तावेजों यथा–शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि की समुचित पठनीय स्वप्रमाणित फोटोकॉपी सहित अन्तिम दिनांक 30.01. 2018 को सांय 5.00 बजे तक **कुलसचिव, ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जिला–जयपुर–302026** के पते पर डाक/व्यक्तिशः जमा होने चाहिए। आवेदन पत्र के साथ प्राप्त संलग्नकों के अतिरिक्त बाद में अन्य कोई सलग्नक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे एवं उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।
4. डाक में हुए विलम्ब के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
5. पूर्व में सेवा में नियोजित अभ्यर्थी, आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पर संलग्न करें।

6. उक्त पद हेतु दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन अवधि (*Probation period*) पर नियुक्ति की जायेगी एवं परिवीक्षाकाल में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित स्थिर पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) का भुगतान किया जायेगा। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित वेतनमान एवं भत्ते देय होंगे। परिवीक्षाधीन अवधि में वार्षिक वेतनवद्धि देय नहीं है। नियुक्त होने वाले कार्मिकों पर राज्य सरकार में प्रभावी नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू रहेगी तथा राजस्थान सेवा नियम/विश्वविद्यालय के प्रावधान लागू होंगे।

7. विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने अथवा साक्षात्कार के लिए पात्रताधारियों को बुलाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।

8 इस विश्वविद्यालय में उक्त पद हेतु पूर्व में किया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।

9. **आवेदन शुल्क–** आवेदन शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट निम्नानुसार "Registrar, JRRSU, JAIPUR" के नाम देय होगा।

| पदनाम | एस.टी./एस.सी./विशेष योग्यजन हेतु | अन्य वर्ग हेतु |
|---|---|---|
| वाहन चालक | 1000/- | 2000/- |

10 साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार के यात्रा भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

11 अपूर्ण/अयोग्य आवेदन पत्रों को निरस्त समझा जावेगा तथा उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

12. उक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया में हुई चूक अथवा त्रुटि के ज्ञात होने की स्थिति में किसी भी स्तर (Stage) पर, यहाँ तक कि नियुक्ति पत्र जारी होने के पश्चात् भी अभ्यर्थी को प्रदत्त/जारी किसी भी संचारण अथवा पत्र व्यवहार को संशोधित, वापस लेने अथवा निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय में निहित होगा।

13 राजस्थान सरकार के आरक्षण संबंधी प्रावधान ज.रा.राज. संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रभावी होंगे।

14. आवेदक के दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक बच्चे होने पर सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। आवेदक को अपने संतान संबंधी घोषणा पृथक् से एक सादा कागज पर करनी होगी।

15. समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय, ग्राम मदाऊ, पोस्ट भांकरोटा, जयपुर–302026 को सम्बोधित किया जाए।

16. समस्त प्रकरणों में न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

17. अभ्यर्थियों से निवेदन है कि समय–समय पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.jrrsanskrituniversity.ac.in का अवलोकन करते रहें। उक्त पदों से संबंधित नवीनतम सूचनाऐं समय–समय पर विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड कर दी जावेंगी।

**कुलसचिव**